भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †381
सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों के लिए डिजिटल ट्विन नेटवर्क

†381. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश भर के प्रमुख पर्यटन स्थलों के डिजिटल ट्विन विकसित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो चिह्नित किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है और उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ख) उक्त डिजिटल ट्विन्स के निर्माण के लिए प्रस्तावित तकनीकों का 3डी स्कैनिंग, वास्तविक समय डेटा संग्रह प्रणाली, एआई-संचालित क्राउड फ्लो सिमुलेशन और भविष्यसूचक विश्लेषण सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इन डिजिटल ट्विन्स को पर्यटकों और हितधारकों के लिए आभासी पर्यटन प्लेटफार्मों, बुकिंग प्रणालियों और डिजिटल भुगतान सुविधाओं के साथ एकीकृत करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) स्थानीय समुदायों/कारीगरों/गाइडों/होमस्टे संचालकों को ऐसे प्लेटफार्मों का उपयोग करने के लिए शामिल करने और प्रशिक्षित करने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है और डिजिटल ट्विन के विकास और कार्यान्वयन के लिए समय-सीमा क्या है तथा मंत्रालयों और संबंधित हितधारकों के बीच कौन से समन्वय तंत्र स्थापित किए गए हैं; और

(च) क्या सरकार ने तकनीकी, परिचालन या डेटा सुरक्षा संबंधी मुद्दों सहित डिजिटल ट्विन प्रौद्योगिकी को लागू करने में आने वाली किसी भी चुनौती की पहचान की है और यदि हां, तो उनके समाधान हेतु प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): पर्यटन स्थलों के लिए डिजिटल ट्विन्स के विकास के लिए कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

*****